कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक– C-101 /जि0का0अधि0/विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक– 25 अप्रैल, 2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के शासनादेश संख्या–2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनॉक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद, लखनऊ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रो मे संचालित बाल विकास परियोजना में ऑगनबाडी कार्यकत्री की मानदेय पर संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–**

क0सं0	परियोजना का नाम	कुल रिक्त पद
1	ALAMNAGAR	31
2	ALIGANJ	16
3	BAKSHI KA TALAB	25
4	CHINHAT	21
5	GOASAIGANJ	14
6	KAKORI	23
7	MALIHABAD	14
8	MALL	14
9	MOHAN LAL GANJ	9
10	SAROJNINAGAR	31
	Total	**198**

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। आवेदन करते समय शासनादेश संख्या–2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनॉक 17 सितम्बर, 2025 गहन अध्ययन के उपरान्त आवेदन करें। उक्त शासनादेश के आधार पर ही सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी, साथ ही विरतृत विवरण विभागीय बेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

➢ ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 16 मई, 2026 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

नोट :–रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकतीहै।

25/04/26

(श्रेयश कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या– /तद दिनॉकित्।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित–

01. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ।
03. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को शासकीय दरों पर प्रदेश स्तर/स्थानीय स्तर के दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण तथा अमर उजाला लखनऊ संस्करण समाचार पत्रों के अगले अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
04. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, लखनऊ।
05. समस्त उपजिलाधिकारी, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
06. जिला सूचना अधिकारी, लखनऊ।
07. समस्त सदस्यगण चयन समिति, लखनऊ।
08. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
09. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सूचना/विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।
10. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
लखनऊ।